# जनगणना-2027 की अधिसूचना जारी

## चर्चा में क्यों?

**केंद्र सरकार** ने [जनगणना अधिनियम, 1948](https://www.drishtiias.com) की **धारा 3** के तहत वर्ष **2027** में **दशकीय जनगणना** के आयोजन को आधिकारिक रूप से **अधिसूचित** किया है।

- यह अधिसूचना **मार्च 2019** के एक पूर्ववर्ती आदेश का स्थान लेती है, जिसमें शुरू में वर्ष **2021** में जनगणना के लिये कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, लेकिन **कोविड-19 महामारी** के कारण इसमें इसमें विलंब हुआ।

**नोट**: **धारा 3** के अधीन, **केंद्रीय सरकार** **राजपत्र में अधिसूचना** द्वारा, उन संपूर्ण **राज्यक्षेत्रों** या उनके किसी भाग में, जिन पर यह अधिनियम लागू होता है, **जनगणना करने का अपना आशय** घोषित कर सकती है, जब कभी वह ऐसा करना **आवश्यक या वांछनीय** समझे, तत्पश्चात् **जनगणना** की जाएगी।

## मुख्य बिंदु

- **अद्यतन जनगणना अनुसूची:**
  - देश के अधिकांश भागों के लिये **जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027** होगी।
  - हालाँकि, **जम्मू-कश्मीर**, **लद्दाख**, **हिमाचल प्रदेश** और **उत्तराखंड** जैसे क्षेत्र, जो **बर्फ** और **दुर्गम भू-भाग** के कारण **रसद संबंधी चुनौतियों** का सामना करते हैं, **1 अक्तूबर, 2026** की **पूर्व संदर्भ तिथि** का पालन करेंगे।
  - यह समायोजन इन क्षेत्रों में **अधिक सटीक डाटा संग्रहण** की अनुमति देता है।
- **जनगणना:**
  - **भारतीय जनगणना** देश की जनसंख्या पर **जनसांख्यिकीय** और **सामाजिक-आर्थिक आँकड़ों** का सबसे बड़ा स्रोत है।
  - भारत की **पहली समन्वित जनगणना** वर्ष **1881** में **भारत के तत्कालीन जनगणना आयुक्त डब्ल्यू.सी. प्लोडेन** के अधीन हुई थी।
  - इसने लगातार हर **10 वर्ष** में विस्तृत **सांख्यिकीय जानकारी** उपलब्ध कराई है, जिसकी शुरुआत वर्ष **1872** से हुई, जब भारत के विभिन्न क्षेत्रों में पहली **गैर-समकालिक जनगणना** आयोजित की गई थी।
- **कानूनी ढाँचा और संस्थागत विकास:**
  - **जनगणना अधिनियम, 1948** को **जनगणना कार्यों** के लिये **कानूनी ढाँचा** तैयार करने तथा **जनगणना अधिकारियों की भूमिकाएँ** परिभाषित करने के लिये अधिनियमित किया गया था।
    - यद्यपि यह अधिनियम **कानूनी ढाँचा** प्रदान करता है, लेकिन यह किसी **विशिष्ट आवृत्ति** को अनिवार्य नहीं करता, जिससे **दशकीय पैटर्न** एक **संवैधानिक आवश्यकता** न होकर एक **परंपरा** बन जाता है।
  - **मई 1949** में भारत सरकार ने **जनसंख्या** और **जनसांख्यिकीय आँकड़ों** के संग्रह को व्यवस्थित करने के लिये **गृह मंत्रालय** के अधीन एक **स्थायी जनगणना संगठन** की स्थापना की।
  - बाद में **महापंजीयक कार्यालय** को **जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969** को **क्रियान्वित** करने का कार्य सौंपा गया, जिससे **महत्त्वपूर्ण आँकड़ों** को बनाए रखने में इसकी भूमिका का और **विस्तार** हुआ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/notification-issued-for-census-2027